आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के लिये पहले दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। यह परीक्षा कल के अलावा 25, 30 और 31 अगस्त को भी सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ ही संबंधित जिलों के डीएम और एसएसपी समेत कई आला अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था जांची। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केन्द्रों के आसपास हॉट स्पॉट की निगरानी ड्रोन कैमरों से कराई जा रही है। सुरक्षा प्रबंधों में तकनीक का भी अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित कराया जा रहा है। सिपाही भर्ती परीक्षा में कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यथी पंजीकृत हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक दो लाख 67 हजार 296 अभ्यर्थी बिहार के हैं।

परीक्षा से सम्बंधित शिकायत या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए हैं। ये नंबर हैं शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक सात तथा शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक आठ, और शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक नौ। तीनों नंबर लखनऊ जिला प्रशासनिक मुख्यालय कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम के हैं।

प्रदेश सरकार के मुताबिक पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न प्रदेशों से आ रहे अभ्यर्थियों के लिए परिवहन के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। रेलवे आठ स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। तो वहीं कुछ ट्रेने विलंब से भी चलाई जाएंगी। रोडवेज की बसो में अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा की भी सुविधा दी गयी है।

****

पोखरा से काठमाण्डू जा रही गोरखपुर जिले के नम्बर वाली बस आज मर्सियांगडी नदी में गिर गयी, जिससे चौदह यात्रियों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हैं। बस में महाराष्ट्र के चालीस यात्रियों के अलावा चालक और परिचालक समेत कुछ 42 लोग थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने नेपाल सरकार के अधिकारियों से वार्ता की है। नेपाल में तैनात भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए घटना में हताहत हुए यात्रियों के लिए राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से महराजगंज के एसडीएम और सीओ को घटना स्थल पर भेजा गया है।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आत्यिनाथ ने आज दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सुबह उपराष्ट्रपति के आवास पर पहुंच कर उनका हालचाल जाना। वहीं उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के कार्यो की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल की भी प्रशंसा की ।

****

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकासमंत्री धर्मपाल सिंह ने आज वाराणसी के सर्किट हाऊस में पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि पशुधन मंत्रालय ने पशुओं को भरपूर चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चारा नीति बनाई है। इसके तहत वन विभाग की खाली पड़ी जमीनों के अलावा अन्य सरकारी जमीनों पर भी हरे चारे की व्यवस्था की जाएगी, ताकि पशुओं का भरपूर पोषण हो सके। श्री सिंह ने कहा कि गाय पालने के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रदेश सरकार कृषक नंदनी योजना शुरू कर रही है। इसके तहत जो पशुपालक अन्य राज्यों से गीर या अन्य उत्तम नस्ल की गाय खरिदेंगे तो उनको प्रति गाय 80 हजार रूपये का अनुदान प्राप्त होगा। एक कृषक को अधिकतम दो गाय के लिए ही अनुदान राशि उपलब्ध हो सकेगी।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में गोष्ठी और व्याख्यान के माध्यम से युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष के बारे में जानकारी दी गयी। पिछले वर्ष इसी तिथि को चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। उधर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष भर पहले देश के महान वैज्ञानिकों ने अपनी अनूठी प्रतिभा, असाधारण कौशल और अथक परिश्रम से चन्द्रमा पर सफलता पूर्वक चन्द्रायन तीन की साफ्ट लैंडिंग कराकर अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान रचा। राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने का निर्यण लिया गया था, जो देशवासियों विशेषकर युवाओं को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रेरित कर रहा है।

****

रक्षा मंत्रालय महानिदेशालय पुनर्वास द्वारा कानपुर के एमटी पार्क इन्फेन्ट्री बटालियन में आज पूर्व सैनिक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सेन्ट्रल कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्डा ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए दूसरा अवसर प्रदान करना है।

****